आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 05.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार प्रदेश के पत्थर उद्योग को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं उन्होंने कहा कि एक जिला–एक उत्पाद नीति के माध्यम से विभिन्न जिलों के पत्थरों को वैश्विक मंच दिया जा रहा हैं वे आज जयपुर में इंडिया स्टोनमार्ट–2026 अंतरराष्ट्रीय पत्थर उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में राज्य के समृद्ध संसाधन, विरासत और कारीगरी को दर्शाया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान का पत्थर दुनियाभर में अलग पहचान रखता हैं

...............

उद्घाटन सत्र में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास तथा स्टोन कारोबारी मौजूद रहें सीतापुरा स्थित जेईसीसी में लगाई गयी ये प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगीं इसमें 500 से अधिक स्टॉल्स लगाये गये हैं साथ ही कई नवाचार भी किये गये हैं इनमें स्टोन मार्ट की वेबसाइट, मोबाइल एप और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल हैं

000

प्रदेश में आज से ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण शुरू हुआं 9 फरवरी तक चलने वाले इस चरण में हर गिरदावर सर्किल पर शिविर लगाकर अधिक से अधिक ग्रामीणों को फायदा पहुंचाया जाएगां इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल रही हैं इसी कड़ी में जैसलमेर में आज रूपसी, नाचना, झिंझिनयाली, राजमथायी और सम में शिविर लगाये गये हैं वहीं पाली के भावरी, झीतड़ा, राणावास, गुडा रामसिंह सहित विभिन्न गांव में शिविर लगाये गये हैं सवाईमाधोपुर के श्यामपुरा, पांवडेरा, मामडोली, बिच्छीदौना, बरनाला, खेड़ली में शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा हैं

000

सहकारी क्षेत्र की पहली टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ आज नई दिल्ली में होगां गृह मंत्री अमित शाह इसकी शुरूआत करेंगें इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत टैक्सी लोगों को सहयोग के साथ एकजुट करने और उन्हें छोटी–छोटी पूंजी लगाकर एक बड़ी शुरुआत करने का मंच प्रदान करेगीं श्री शाह ने कहा कि 'भारत टैक्सी' के माध्यम से लोग न केवल अधिक लाभ कमा सकेंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी बन सकेंगें

000

राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए नये यूथ क्लब बनाये जा रहे हैं इन क्लबों के लिए सरकार ने पंजीयन शुल्क कम दिया हैंयुवा मामले और खेल विभाग के शासन सचिव तथा राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि पहले इन क्लबों का पंजीयन शुल्क दस हजार रुपये था, जिसे घटाकर ढाई सौ रुपये कर दिया गया हैं उन्होंने कहा कि इससे फिट राजस्थान कार्यक्रम को और अधिक बल मिलेगां यूथ क्लबों के माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगें

000

पाली में 13 फरवरी से निंबेश्वर महादेव पशु मेला आयोजित किया जाएगां इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने कल पशु मेले का पोस्टर लॉंच कियां इस अवसर पर उन्होंने पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में सहभागिता की अपील कीं श्री मंत्री ने कहा कि ये मेला पशुपालकों के लिए उपयोगी साबित होगां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगें